श्याम चंदा ते श्यामा चकोरी

{ मधुप जी का विश्व प्रसिद्ध भजन }

श्याम चंदा ते श्यामा चकोरी

श्याम चंदा ते श्यामा चकोरी | बड़ी सुंदर है दोनों की जोरी ||

मोर मुकुट पीताम्बर धरैया | मुरलीधर है यह कृष्ण कन्हैया ||
नीलाम्बर धर है भानूं किशोरी -बड़ी सुन्दर है ...

श्याम रसिया है श्यामा रसीली | कृष्ण छलिया,राधा है शर्मीली ||
कृष्ण काला अरु राधा है गोरी -बड़ी सुन्दर है ...

गिरधर गोपाल गोकुल का राज | ब्रज की सरकार है रानी राधा ||
प्राण जीवन ,परमधन तजौरी - बड़ी सुन्दर है ...

दोनों ही रूप रस की वो धारा | जिस में डूबा है संसार सारा ||
नंद नंदन यह भानूं किशोरी - बड़ी सुन्दर है ...

दोनों में प्रेम है इतना ज्यादा | राधा मोहन , मोहन है राधा ||
कृष्ण मन का `मधुप`,राधा भोरी-बड़ी सुन्दर है ...

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण 'मधुप' (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33048/title/shyam-chanda-te-shyama-chakori

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |